**मुख्य समाचार :–**

- प्रदेश में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के पहले चरण में हरिद्वार को छोड़कर सभी जिलों में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच मतदान जारी।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने ऊधमसिंह नगर जिले के नगला तराई में वोट डाला। सभी ग्रामीण मतदाताओं से उत्साहपूर्वक मतदान करने की अपील की।
- प्रदेश में मतदान को लेकर लोगों, विशेषकर युवाओं में खासा उत्साह।
- कांवड़ मेला सम्पन्न होने के बाद हरिद्वार नगर निगम ने विशेष सफाई अभियान शुरू किया।

**मतदान / मुख्यमंत्री**

प्रदेश में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के पहले चरण में हरिद्वार को छोड़कर अन्य सभी जिलों के 49 विकासखंडों में आज कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच मतदान हो रहा है। इनमें गढ़वाल मंडल के छह जिलों के 26 और कुमाऊं मंडल के छह जिलों के 23 विकासखंडों शामिल हैं। मतदान के लिए प्रदेश में 5 हजार 823 बूथ बनाए गए हैं, जहां सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं। पहले चरण में आज ग्राम पंचायत सदस्य पद के 2 हजार 247, प्रधान के 9 हजार 731, क्षेत्र पंचायत सदस्य के 4 हजार 980 और जिला पंचायत सदस्य पद के 871 प्रत्याशियों का चुनाव हो रहा है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने ऊधमसिंह नगर जिले के राजकीय आदर्श प्राथमिक विद्यालय नगला तराई में वोट डाला। मुख्यमंत्री के साथ उनकी माताजी बिशना देवी ने भी मतदान किया। इस अवसर पर श्री धामी ने सभी ग्रामीण मतदाताओं से त्रिस्तरीय पंचायत चुनावों में उत्साह पूर्वक मतदान करने की अपील की। उन्होंने कहा कि प्रत्येक मतदाता का एक–एक वोट राज्य में पंचायतों को मजबूत करने में निर्णायक भूमिका निभा सकता है। वहीं, कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने अल्मोड़ा जिले के शहीद बिशन सिंह बोरा अटल उत्कृष्ट राजकीय इंटर कॉलेज, सोमेश्वर में मतदान किया। उन्होंने सभी मतदाताओं से अपील करते हुए कहा कि चुनाव लोकतंत्र का सबसे बड़ा पर्व है, इसलिए हर किसी को आज के दिन सबसे पहले मताधिकार का प्रयोग करना चाहिए।

**मतदान बागेश्वर / उत्तरकाशी**

प्रदेश के विभिन्न जिलों में मतदान शांतिपूर्ण ढंग से जारी है। बागेश्वर जिले में के तीनों विकासखंडों– बागेश्वर, गरूड़ और कपकोट में प्रशासन ने शांतिपूर्ण और निष्पक्ष चुनाव संपन्न कराने के लिए व्यापक सुरक्षा व्यवस्था की है। मतदान को लेकर लोगों में खासा उत्साह है। युवा मतदाता भी पहली बार वोट देने को लेकर बेहद उत्साहित नजर आ रहे हैं। युवा मतदाता निर्मला कठायत और वंदना कठायत का कहना है कि वे ऐसे प्रतिनिधि को चुनेंगे, जो ईमानदारी से गांव के विकास के लिए कार्य करें। उत्तरकाशी जिले में मतदान केंद्रों पर मतदाताओं में भारी उत्साह देखा जा रहा है। विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाएं और युवा बढ़–चढ़कर मतदान में भाग ले रहे हैं। सुबह से ही केंद्रों पर लंबी कतारें देखी जा रही हैं। जिले के नौगांव, पुरोला और मोरी ब्लॉक के 272 पोलिंग बूथों पर मतदान चल रहा है। जिला निर्वाचन अधिकारी प्रशांत आर्य ने तीनों ब्लॉकों के विभिन्न मतदान केंद्रों का सघन निरीक्षण कर मतदान प्रक्रिया का जायजा लिया और सुनिश्चित किया कि सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुचारू रूप से चल रही हैं। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे मतदान प्रक्रिया की निष्पक्षता और पारदर्शिता सुनिश्चित करें।

**मतदान अल्मोड़ा / नैनीताल**

अल्मोड़ा जिले के छह विकासखंडों में आज मतदान हो रहा है। इन विकासखंडों में 2 लाख 83 हजार 789 मतदाता पंजीकृत हैं। मतदान के लिए 649 मतदान स्थल बनाए गए हैं। जिले के दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों में भी मतदाताओं की लंबी कतारें लगी हैं। नैनीताल जिले में धारी विकासखण्ड के राजकीय प्राथमिक विद्यालय, धारी में मतदाताओं

विशेषकर महिलाओं के बीच मतदान के लिए उत्साह देखने को मिल रहा है। प्रदेश के अन्य जिलों में भी मतदान शांतिपूर्ण ढंग से जारी है।

**पुलिस महानिरीक्षक**

त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के पहले चरण को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण और व्यवस्थित ढंग से सम्पन्न कराने के लिए कुमाऊं परिक्षेत्र की पुलिस महानिरीक्षक रिद्धिम अग्रवाल ने मंडल के सभी जिला प्रभारियों को निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने मतदान ड्यूटी में नियुक्त सभी जोनल और सैक्टर प्रभारियों को मतदान केंद्रों की रात्रि में सुरक्षा व्यवस्था की अनिवार्य रूप से जांच करने और मतदान के दौरान कानून व्यवस्था बिगाड़ने की कोशिश करने वालों पर कड़ी निगरानी रखने के निदेश दिए। उन्होंने कहा कि ऐसे किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा, जो मतदान प्रक्रिया में बाधा उत्पन्न करेगा। उन्होंने आम जनता से लोकतंत्र को सशक्त बनाने के लिए निर्भय होकर अधिक से अधिक संख्या में मतदान करने की अपील भी की।

**मेला क्षेत्र सफाई**

कांवड़ मेला सम्पन्न होने के बाद हरिद्वार नगर निगम की मेयर किरण जैसल ने मेला क्षेत्र का भ्रमण कर सफाई अभियान का निरीक्षण किया और अधिकारियोंन व कर्मचारियों को इसमें तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी के सहयोग से कांवड़ मेला सकुशल संपन्न होने के बाद मेला क्षेत्र और शहर की सफाई बड़ी चुनौती है। इसके लिए नगर निगम की ओर से विशेष सफाई अभियान शुरू किया गया है। मेयर ने कहा कि हरकी पैड़ी सहित विभिन्न गंगा घाटों, कांवड़ पटरी मार्ग, शहर के सभी पार्कों, सड़कों आदि पर फैले कचरे और गंदगी को साफ करने के लिए सभी अधिकारी कर्मचारी युद्धस्तर पर सफाई अभियान में जुट जाएं। सफाई अभियान में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने व्यापारी और स्थानीय लोगों से भी सफाई व्यवस्था में सहयोग करने का आग्रह करते हुए कहा कि शहर को साफ सुथरा रखना सभी की जिम्मेदारी है।

**खाद्य सुरक्षा**

चंपावत जिले में मानसून सीजन के चलते खाद्य सुरक्षा को लेकर सतर्कता बढ़ा दी गई है। इसी क्रम में जिलाधिकारी मनीष कुमार के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने चंपावत बाजार की कई बेकरी और आइसक्रीम निर्माण इकाइयों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान विभाग ने साफ–सफाई, इस्तेमाल हो रहे कच्चे माल, खाद्य रंगों और फ्लेवर की गुणवत्ता के साथ ही लाइसेंस और पंजीकरण दस्तावेजों की गहन जांच की। निरीक्षण में दो प्रतिष्ठानों से एक्सपायरी खाद्य सामग्री बरामद हुई। विभाग की टीम ने इन सभी को मौके पर ही नष्ट करा दिया। वहीं, कुछ प्रतिष्ठानों की सफाई व्यवस्था संतोषजनक नहीं पाए जाने पर नोटिस जारी किए गए। विभाग ने चेतावनी दी कि अगर कारोबारी संतोषजनक जवाब नहीं देते हैं, तो उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। खाद्य कारोबारियों को ये भी निर्देश दिए गए हैं कि वे अपने प्रतिष्ठानों में इस्तेमाल होने वाले सभी कच्चे माल की एक्सपायरी तिथि की नियमित जांच करें, लेबलिंग मानकों का पालन करें और साफ–सफाई के सभी तय मानकों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करें।

**सूचना प्रसारण मंत्रालय**

सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने कहा है कि भारत में एक लाख 55 हजार से अधिक प्रकाशन और 908 प्राइवेट टीवी चैनलों के साथ सक्रिय प्रेस और मीडिया है। सूचना और प्रसारण राज्य मंत्री डॉ. एल. मुरुगन ने लोकसभा में एक जवाब में बताया कि भारत के प्रेस महापंजीयक में पंजीकृत प्रकाशनों की संख्या 2014–15 के एक लाख 5 हजार से बढ़कर 2024–25 में एक लाख 55 हजार हो गई है। केंद्र सरकार ने कहा है कि डीडी फ्री डिश ने दक्षिण भारतीय भाषाओं के चैनल के साथ अपनी पहुंच में विस्तार किया है। लोकसभा में एक लिखित उत्तर में श्री मुरुगन ने बताया कि सरकार ने डीडी फ्री डिश पर दक्षिण भारतीय भाषा चैनलों की संख्या बढ़ाने के लिए कई कदम उठाए हैं। उन्होंने यह भी कहा है कि सरकार सभी राज्यों में आकाशवाणी और दूरदर्शन केन्द्रों का आधुनिकीकरण और विस्तार कर रही है।

**पीबी– भाब्द**

प्रसार भारती ने देशभर के सभी समाचार पत्रों, पत्रिकाओं और टेलीविजन चैनलों को अपने न्यूज़वायर प्लेटफॉर्म, प्रसार भारती शेयर्ड ऑडियो विजुअल्स फॉर ब्रॉडकास्ट और डिसेमिनेशन– पीबी–शब्द पर पंजीकरण कराने के लिए आमंत्रित किया है। इससे उन्हें उच्च–गुणवत्ता वाली समाचार और मल्टी मीडिया सामग्री निःशुल्क प्राप्त हो सकेगी।